# बिहार सरकार
## उद्योग विभाग
## अधिसूचना

पटना, दिनांकः–

संख्या–3(स०)/उ०स्था०(आरोप)06/22–............................/दिनांक 03.11.2022 को राज्य स्तरीय वितरण शिविर पूर्व से निर्धारित थी एवं विभाग के सभी पदाधिकारियों को इस बात की जानकारी थी। उद्योग विभाग से संबंधित योजनाओं की स्वीकृति एवं वितरण संबंधी महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन जिला स्तर पर किया गया था जिसमें श्री अविनाश कुमार, परियोजना प्रबंधक सह प्रभारी महाप्रंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मुंगेर अनुपस्थित पाये गये। विभागीय अधिसूचना सं0–4900 दिनांक 05.11.2022 द्वारा श्री अविनाश कुमार, परियोजना प्रबंधक सह प्रभारी महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मुंगेर को निलंबित करते हुए निलंबन अवधि का मुख्यालय उद्योग निदेशालय, बिहार, पटना निर्धारित किया गया।

विभागीय पत्रांक–5817 दिनांक 14.12.2022 द्वारा श्री कुमार से बचाव के लिखित अभिकथन की मांग की गयी। तदालोक में श्री कुमार द्वारा दिनांक 02.01.2023 को बचाव का लिखित अभिकथन समर्पित किया गया। समर्पित बचाव के लिखित अभिकथन की समीक्षा के उपरांत श्री कुमार के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही समाप्त होने तक निलंबन अवधि में प्राप्त हुए जीवन निर्वाह भत्ता के अलावा शेष अन्य वित्तीय लाभ आदि नहीं दिये जाने के साथ विभागीय अधिसूचना सं0–283 दिनांक 15.01.2024 द्वारा श्री कुमार को निलंबन से मुक्त करते हुए तकनीकी विकास निदेशालय में प्रतिनियुक्त किया गया।

विभागीय कार्यवाही प्रारंभ किये जाने के क्रम में गठित आरोप पर श्री कुमार से प्राप्त बचाव के लिखित अभिकथन पर उद्योग निदेशक से प्राप्त मंतव्य एवं श्री कुमार द्वारा समर्पित बचाव के लिखित अभिकथन पर अनुशासनिक प्राधिकार द्वारा समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत श्री अविनाश कुमार, परियोजना प्रबंधक सह प्रभारी महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मुंगेर, प्रतिनियुक्त तकनीकी विकास निदेशालय, बिहार, पटना को भविष्य में इसकी पुर्नरावृति न हो के लिए सचेत करते हुए आरोप मुक्त किया जाता है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह0/–
सरकार के अवर सचिव

ज्ञापांकः–　　　　　　　　　　पटना, दिनांकः–
3(स०)/उ०स्था०(आरोप)06/22

प्रतिलिपिः– प्रभारी पदाधिकारी, इ–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को एक सॉफ्ट कॉपी (सी0डी0 में) एवं दो हार्ड कॉपी के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–महालेखाकार, बिहार, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, वित्त(वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के अवर सचिव

निबंधित

ज्ञापांकः– 389　　　　　　　　　　पटना, दिनांकः– 23.01.25

प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी, मुंगेर/कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, मुंगेर/महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मुंगेर/श्री अविनाश कुमार, परियोजना प्रबंधक सह तत्कालीन प्रभारी महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मुंगेर (प्रतिनियुक्त तकनीकी विकास निदेशालय, बिहार, पटना) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–उद्योग निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक, तकनीकी विकास निदेशालय, बिहार, पटना/निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार, पटना/निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग निदेशालय, बिहार, पटना/माननीय मंत्री के आप्त सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना/सचिव के प्रधान आप्त सचिव, उद्योग विभाग, बिहार, पटना/अवर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–3(स0), उद्योग विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः–आई0टी0 मैनेजर, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

23/01/25
सरकार के अवर सचिव

D:\Section-3\Vikash Sir\Vikash Sir.doc